RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 23 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 61 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### महाराष्ट्र की राजनीति में फिर मचा बवाल...

# मुंबई में औरंगजेब को 'गले लगाते' उद्धव के पोस्टर लगे...

## उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बरसे, जानें पूरा मामला

**मुंबई:** मुंबई के माहिम इलाके में कुछ ऐसा हुआ जिसने महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल मचा दी. इस इलाके में होर्डिंग लगे हुए थे जिसमें महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रमुख प्रकाश अंबेडकर को मुगल बादशाह औरंगजेब से गले लगाते हुए दिखाया गया था. होर्डिंग पर मराठी




में एक संदेश भी लिखा था जिसका अनुवाद इस प्रकार किया जा सकता है, 'प्रकाश अंबेडकर औरंगजेब की धुन पर नाच रहे हैं और उद्धव ठाकरे उनका साथ दे रहे हैं.' मुंबई पुलिस का कहना है कि हैशटैग 'औरंगजेब के लिए उद्धव ठाकरे' वाले यह पोस्टर रात में लगाए गए थे और इसे लेकर अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है कि यह किसका काम है. पुलिस अधिकारी का कहना है कि, होर्डिंग हटा दिए गए हैं, और अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है, अगर कानून व्यवस्था बिगड़ती है तो अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी. इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसारकर ने कहा कि, उद्धव ठाकरे का औरंगजेब के प्रति नया प्रेम देखा जा सकता है. जिन लोगों ने हिंदुत्व के साथ समझौता किया, छत्रपति शिवाजी महाराज उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे. यह पोस्टर, बाबा साहेब अंबेडकर के पोते प्रकाश अंबेडकर के संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में औरंगजेब की कब्र पर जाकर मुगल बादशाह को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद हुए बवाल के बाद सामने आए. उनकी यात्रा अहमदनगर और खासकर कोल्हापुर में हुए सांप्रदायिक तनाव के कुछ दिनों बाद हुई थी, दरअसल कुछ मुस्लिम कॉलेज छात्रों ने औरंगजेब पर वॉट्सऐप स्टेटस और ऑडियो संदेश पोस्ट कर दिया था, जिसके बाद हिंदू संगठन भड़क गए थे और हिंसा के मामले सामने आए थे.

### फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को आड़े हाथों लिया

इसके बाद तो जैसे इस मामले ने भाजपा के हाथ में हथियार थमा दिए, भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अंबेडकर के सहयोगी उद्धव ठाकरे को भी आड़े हाथों ले लिया. उन्होंने अपने बयान में कहा कि, उद्धव ठाकरे और अंबेडकर का गठबंधन है. वह संभाजीनगर जाते हैं और औरंगजेब की कब्र पर फूल चढ़ाते हैं. मैं ठाकरे साहेब से पूछना चाहता हूं औरंगजेब का यह महिमामंडन क्या महाराष्ट्र और देश को मंजूर है? आगे फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के साथ हाथ मिलाने के बाद से ही उद्धव ने अपने हिंदुत्व को पूरी तरह से त्याग दिया है और उनके सहयोगी जो कुछ भी करते हैं वह सब उन्हें मंजूर है.

# उद्धव ठाकरे को फिर लगा झटका!

## अवैध कार्यालय पर चला बीएमसी का बुलडोजर





**मुंबई:** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के बांद्रा पूर्व में उसके शाखा कार्यालय को अवैध बताते हुए उस पर बुलडोजर चला दिया। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी की शाखा निर्मल नगर में स्थित थी। इसे शिवसेना (यूबीटी) के एक प्रमुख केंद्र के रूप में जाना जाता था। बड़ी बात यह है कि शाखा ठाकरे के बंगले मातोश्री से महज कुछ ही दूरी पर थी। बुलडोजर एक्शन पर पार्टी नेताओं की ओर से तीखी प्रतिक्रियाएं आई। शिवसेना (यूबीटी) के सीनियर नेता और सांसद अरविंद सामंत ने बीएमसी के कदम की आलोचना करते हुए कहा कि शाखा 40 साल से अधिक पुरानी थी। इसे अचानक अवैध कैसे घोषित कर दिया गया? क्या बीएमसी राज्य सरकार की धुन पर नाच रही है? सामंत ने आगे कहा, शिंदे-फडणवीस की सरकार इस तरह की प्रतिशोधात्मक कार्रवाईयों से बेहद निचले स्तर तक गिर गई है। लोग सबकुछ देख रहे हैं और इसके नतीजे भी सामने आएंगे।

# मुंबई में फर्जी शेयर बाजार चलानेवाला आरोपी गिरफ्तार

## सिर्फ 4 महीने में किया इतने हजार करोड़ का टर्नओवर...



**मुंबई:** मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच यूनिट 11 के एक ऐसे शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है जो फर्जी तरीके से MOODY एप्लीकेशन के जरिये फर्जी स्टॉक मार्केट (डब्बा ट्रेडिंग) को चलाया करता था। गिरफ्तार आरोपी का नाम जतिन सुरेशभाई मेहता है और वो मुंबई के कांदिवली महावीर नगर का रहने वाला है। आरोपी के पास से 5 मोबाइल फोन, 2 टैब, 2 लैपटॉप, 1 पेपर श्रेडर, 50 हजार नगद, 1 रॉउटर, 1 पेन ड्राइव बरामद किया गया है। इस आरोपी ने स्टॉक एक्सचेंज के बिना किसी अनुमति के MOODY एप्लीकेशन के जरिये नगद व्यवहार पर स्टॉक मार्केट चलाया करता था। इस फर्जी स्टॉक मार्केट ( डब्बा ट्रेडिंग ) से मार्च 2023 से 20 जून 2023 तक 4,672 करोड़ रुपये का टर्नओवर हुआ है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कांदिवली इलाके में अवैध रूप से वायदा कारोबार, अनाधिकृत स्टॉक तथा कमोडिटी एक्सचेंज के रूप में डब्बा ट्रेडिंग का खुलासा किया। जिसमे सरकार को सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टॅक्स, कैपिटल गेन टैक्स, स्टेट गवरमेंट स्टाम्प ड्यूटी टैक्स, सेबी टर्नओवर फी, स्टॉक एक्सचेंज ट्रेडिंग रेवेन्यू का 1 करोड़ 95 लाख 64 हजार 888 रुपये के राजस्व की ठगी कि गयी।

# नवी मुंबई के व्यापारी से 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी, मामला दर्ज...

**ठाणे :** नवी मुंबई पुलिस ने कपड़ा कारोबारी से 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में 35 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गयी। एपीएमसी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पीड़ित (56) के पास जाकर उसे और उसके पुत्र को एक संयुक्त व्यापार में निवेश करने का प्रस्ताव दिया। आरोपी ने इस प्रस्ताव में पीड़ित से 25 प्रतिशत की साझेदारी और अच्छे लाभ का वादा किया था। अधिकारी के मुताबिक, प्रस्ताव को लेकर दोनों




पार्टियों के बीच समझौता हुआ और पीड़ित से 50 लाख रुपये की राशि ले ली गई। इसके बाद जब पीड़ित ने लाभ के बारे में पूछा तो उसे पता चला कि कारोबार आरोपी के अन्य साझेदारों को बेच दिया जा चुका था। अधिकारी ने बताया कि यह धोखाधड़ी फरवरी 2022 से मई 2023 के बीच हुई है। पीड़ित ने बुधवार को पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### भयावह संकेत

यह रिपोर्ट भावी पीढ़ियों के भविष्य को लेकर गहरी चिंता जगाती है कि यदि बढ़ते पर्यावरणीय तापमान को कम करने के गंभीर प्रयास न हुए तो आने वाले आठ दशकों के बाद हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र के अस्सी फीसदी ग्लेशियर पिघल जाएंगे। निस्संदेह इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट की यह चेतावनी खतरे की घंटी है कि सुधर जाइए अन्यथा कुदरत के रौद्र का सामना करने के लिये तैयार रहें। अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर आशंका है कि यदि ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन इसी तरह बढ़ता रहा तो हिंदूकुश हिमालयी क्षेत्र के अस्सी फीसदी ग्लेशियर वर्ष 2100 तक नष्ट हो जाएंगे। ध्यान रहे कि दुनिया में ध्रुवीय इलाकों के अलावा सबसे ज्यादा बर्फ इन्हीं इलाकों में जमा है। जिसे एकत्र होने में हजारों साल लगे हैं। अध्ययन के निष्कर्ष चौंकाने वाले हैं कि इस सदी के पहले दशक के मुकाबले दूसरे दशक में ग्लेशियर 65 फीसदी तीव्र गति से पिघले हैं, जो स्थिति की भयावहता को ही दर्शाते हैं। ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले नुकसान के स्तर का पता इस बात से चलता है कि वर्ष 2100 तक यदि इसी गति से ग्लेशियर पिघलते रहे तो इस क्षेत्र के दो अरब लोगों के रोजगार व जीवन पर भयावह असर पड़ेगा। इससे न केवल हमारी सिंचाई व्यवस्था ध्वस्त हो जायेगी , बल्कि पशुधन की भी भारी क्षति होगी। हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र के ग्लेशियर और बर्फ से आच्छादित पर्वत श्रृंखलाओं से जो जीवनदायी पानी क्षेत्र की बारह नदियों के लिये निकलता है, वो करीब चौबीस करोड़ लोगों के पेयजल का मुख्य स्रोत भी है। इतना ही नहीं, यदि तेजी से ग्लेशियर पिघलते हैं तो भीषण बाढ़–हिमस्खलन से भारी पैमाने पर मानवीय क्षति भी होगी। दो साल पहले उत्तराखंड के चमोली जनपद में ग्लेशियर टूटने से आई तबाही को दुनिया ने देखा था। हमें भविष्य में ऐसे संकटों के लिये तैयार रहना होगा।

उल्लेखनीय है कि हिंदूकुश पर्वत श्रृंखला में पिघलते ग्लेशियरों पर अध्ययन करने वाले इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट नामक अंतर–सरकारी संगठन में भारत, चीन, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भूटान व म्यांमार के सदस्य शामिल हैं। अध्ययन चेताता है कि यदि ग्लोबल वार्मिंग दो डिग्री सेल्सियस से नीचे रहती है तो क्षेत्र के ग्लेशियर वर्ष 2100 तक तीस से पचास प्रतिशत तक पिघलेंगे। लेकिन यदि तापमान दो डिग्री से ज्यादा होता है तो इनके पिघलने की दर 55 से अस्सी फीसदी तक रह सकती है। आसन्न संकट के मद्देनजर दुनिया के विकसित व विकासशील देशों को इसे खतरे की घंटी मानते हुए युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। अन्यथा करोड़ों लोगों का जीवन संकट में फंस जायेगा। इससे जहां इन देशों की खाद्य सुरक्षा तहस–नहस हो जाएगी, वहीं प्राकृतिक आपदा कई रूपों में कहर बरपाएगी। सिंचाई के संसाधन नष्ट होने से खाद्यान्न संकट गहरा जायेगा। चमोली गढ़वाल इलाके में वर्ष 2021 में आई प्रलयंकारी बाढ़ के मूल में भी ग्लेशियर टूटने से आया सैलाब बताया जाता रहा है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मार्केट में आया नया स्कैम...
# क्लिक करते ही हैक हो जाएगा फोन

**मुंबई :** मुंबई पुलिस केंद्र सरकार की एडवाइजरी के आधार पर व्हाट्सएप पिंक नाम के एक नए झांसे के बारे में नागरिकों को चेतावनी दे रही है. एडवाइजरी के मुताबिक, 'न्यू पिंक लुक वॉट्सऐप विद एक्स्ट्रा फीचर्स' लोकप्रिय मैसेजिंग सर्विस सॉफ्टवेयर के माध्यम से किसी के मोबाइल को हैक किया जा सकता है.

खबर के अनुसार, एडवाइजरी में कहा गया है, ''धोखाधड़ी करने वाले कई तरह की नई तरकीबें और भोले-भाले उपयोगकताओं को साइबर धोखाधड़ी करने के लिए अपने जाल में फंसाने के तरीके के साथ आते हैं. यह उपयोगकताओं के लिए है कि वे इस प्रकार की धोखाधड़ी के प्रति जागरूक, सतर्क और चौकस रहें और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहें.



एडवाइजरी में कहा गया है, ''नकाबपोश एक फेक लिंक एंड्रॉइड यूजर को भेजता है. लिंक पर क्लिक करने पर, मोबाइल फोन में एक सॉफ्टवेयर इंस्टॉल हो सकता है. यूजर का फोन इन्फेक्टेड हो सकता है और यह उन लोगों के मोबाइल को भी इन्फेक्ट कर सकता है जो व्हाट्सएप पर अन्य यूजर से संपर्क करते हैं. यूजर द्वारा अनजाने में इंस्टॉल किया गया ये सॉफ्टवेयर उन पर कई विज्ञापनों की बौछार कर सकता है. फर्जी ऐप इंस्टॉल करने वाले यूजर अपने मोबाइल पर नियंत्रण खो सकते हैं या उनके मोबाइल को हैक किया जा सकता है और उनके जरूरी पर्सनल डेटा जैसे फोटो, ओटीपी, कॉन्टैक्ट नंबर आदि को जालसाजों द्वारा एक्सेस किया जा सकता है.

**हो सकता है ये खतरा**


यूजर जिन खतरों का सामना कर सकता है, उनमें उनके मोबाइल में सेव किये गए कांटेक्ट नंबरों और फोटोज का दुरुपयोग, पैसों का नुकसान, उनके क्रेडेंशियल्स का दुरुपयोग, स्पैम और मोबाइल पर नियंत्रण का नुकसान शामिल है.

**मुंबई पुलिस ने किया अलर्ट**

मुंबई पुलिस की एडवाइजरी में कहा गया है, ''अपने मोबाइल पर डाउनलोड किए गए नकली ऐप को तुरंत अनइंस्टॉल करें, कभी भी उचित सत्यापन/प्रमाणीकरण के बिना अज्ञात स्रोतों से प्राप्त लिंक पर क्लिक न करें, हमेशा Google/iOS स्टोर या वैलिड वेबसाइट के आधिकारिक ऐप स्टोर के माध्यम से ऐप इंस्टॉल करें, लिंक या मैसेज दूसरों को फॉरवर्ड न करें कभी भी अपने पर्सनल डिटेल या पैसों से जुड़ी जानकारी जैसे लॉगिन क्रेडेंशियल/पासवर्ड/क्रेडिट या डेबिट कार्ड की जानकारी और ऐसी अन्य जानकारी किसी के साथ ऑनलाइन शेयर न करें, क्योंकि इसका दुरुपयोग किया जा सकता है और साइबर अपराधियों के ऐसे प्रयासों के बारे में जागरूक और सतर्क रहें. साइबर धोखेबाजों की गतिविधियों पर लेटेस्ट न्यूज और अपडेट पर नजर रखें.''

# महाराष्ट्र में पहले पत्नी को उतारा मौत के घाट

## फिर कुएं में बच्चों को फेंका... सुसाइड नोट में बताई वजह




**महाराष्ट्र :** कलेश एक घर को पूरा बर्बाद कर देती है। इसका जीता जागता उदाहरण महाराष्ट्र में देखने को मिला है। यहां के पुणे से एक रौंगटे खड़ी कर देने वाली खबर सामने आई है। एक शख्स ने पत्नी की कलेश के कारण अपने पूरे परिवार की जान ले ली। बाद में, खुद भी आत्महत्या कर ली। बता दें, मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के पुणे जिले की दौंड तहसील में मंगलवार को एक पशु चिकित्सक ने अपनी पत्नी और दो बच्चों की कथित तौर पर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। जिले के वरवंड इलाके में हुई इस घटना में मृतकों की पहचान 42 वर्षीय डॉक्टर अतुल दिवेकर, उनकी 39 वर्षीय पत्नी पल्लवी दिवेकर और बच्चों अद्वैत (9) और वेदांती (6) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अतुल ने घर पर कथित तौर पर पहले अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या की। फिर बच्चों को एक कुएं के पास ले गया और उसमें फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि बच्चों को फेंकने के बाद अतुल वापस घर लौट आया और फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि मौके पर दंपत्ति फंदे से लटके मिले। वहीं एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें अतुल ने अपनी पत्नी पल्लवी पर सताए जाने का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सिडको ने अवैध होर्डिंग पर कसा शिकंजा...

## सायन पनवेल महामार्ग पर 10 होर्डिंग हटाई




**नवी मुंबई :** सिडको ने अवैध रूप से बनी इमारतों पर बुलडोजर चलाने के साथ साथ शहर में लगाई गई अवैध होर्डिंग पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सिडको के अतिक्रमण विभाग ने सायन पनवेल महामार्ग पर कलंबोली मार्बल मार्केट तक अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग को हटाने का अभियान चलाकर 10 होर्डिंग्स को हटाया गया है। यह जानकारी मुख्य दक्षता अधिकारी सुरेश मेंगड़े ने दी है। पता हो कि सायन पनवेल महामार्ग पर बड़ी संख्या में अवैध रूप से होर्डिंग लगायी गयी है, इन अवैध होर्डिंग के प्रति सार्वजनिक निर्माण विभाग ने भी नाराजगी व्यक्त की थी साथ ही सिडको, नवी मुंबई महानगर पालिका तथा पनवेल मनपा आयुक्त को बाकायदा पत्र भी लिखा था।

**होर्डिंग लगाने के नियमों का भी खुलेआम उलंघन**

पता हो कि कुछ विज्ञापन एजेंसियों ने स्थानीय लोगों को अपने साथ मिलाकर सायन पनवेल महामार्ग पर बड़ी बड़ी होर्डिंग खड़ी कर दी हैं इन होर्डिंग को लगाने के लिए किसी भी प्रकार की कोई अनुमति नहीं ली है साथ ही होर्डिंग लगाने के नियमों का भी खुलेआम उलंघन किया जा रहा था। कुछ समय पहले पुणे में एक होर्डिंग गिर गयी थी जिसमें कुछ लोग जख्मी भी हो गए थे पुणे की इस घटना के बाद नवी मुंबई में होर्डिंग की स्ट्रक्चरल ऑडिट करने की मांग की जाने लगी थी। सिडको के मुख्य दक्षता अधिकारी सुरेश मेंगड़े ने बताया कि जिन होर्डिंग को आज हटाया गया है उनमें कई तरह से नियमों का उलंघन किया गया था। इन होर्डिंग को लगाने

# बिना पानी के नहीं चल पा रही तलोजा एमआईडीसी क्षेत्र की कंपनियां...

## मालिकों ने कहा पर्याप्त पानी नहीं मिला तो बंद करनी होंगी कंपनी




**नवी मुंबई :** तलोजा एमआईडीसी परिसर में पानी की किल्लत के कारण कंपनी के मालिक भी काफी परेशान है उनका कहना है कि बिना पानी के औद्योगिक कारखाने कैसे चलेंगे ? यदि इसी तरह से पानी का संकट बना रहा तो वह दिन दूर नहीं जब औद्योगिक कंपनियों को बंद करने की नौबत आ जाएगी। इसी समस्या को लेकर तलोजा एमआईडीसी एसोसिएशन से जुड़े लगभग 25 कंपनी मालिकों ने तलोजा स्थित महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) के कार्यालय एमआईडीसी अधिकारीयों से मिलने के लिए गए थे। नाराज व्यवसायियों ने एमआईडीसी अधिकारियों से मुलाकात की और कहा कि बिना पानी के उद्योग आखिर कैसे चलेंगे । पानी का टैंकर खरीदकर उद्योग चलाना मुश्किल हो गया है, पानी के टैंकर की कीमत भी मनमाने तरीके से वसूल की जा रही है जिसे वहन करना मुश्किल हो रहा है। इस समस्या का निराकरण किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि तलोजा एमआईडीसी क्षेत्र में 350 से ज्यादा केमिकल फैक्ट्रियों को 53 लाख लीटर पानी की जरूरत होती है। तलोजा एमआईडीसी परिसर में कंपनियों को जलापूर्ति बारवी डेम से की जाती है। कंपनी मालिकों का कहना है कि पिछले दो साल से उद्यमियों को पानी की सप्लाई ठीक से नहीं की जा रही है जरुरत के मुताबिक उन्हें पानी नहीं मिल ए रहा है जिससे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जानकारी के अनुसार तलोजा एमआईडीसी को 53 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है लेकिन उसे केवल 38 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जा रही है। तलोजा एमआईडीसी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष दिलीप परुलेकर ने बताया पानी नहीं मिलने की वजह से इसका असर व्यापार भी पड़ रहा है।

### उद्योगों को पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं क्यों नहीं दी जाती

**तलोजा एमआईडीसी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और दीपक फर्टिलाइजर्स कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी जयश्री कटकर ने भी एमआईडीसी के अधिकारियों से सवाल उठाया कि जब सरकार की पानी को लेकर नीति साफ है तो तलोजा में उद्योगों को पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं क्यों नहीं दी जाती हैं। टीएमए के अध्यक्ष शेखर श्रंगारे ने पहले कहा था कि तलोजा को बारवी बांध से उचित पानी की आपूर्ति हो रही है। इसके लिए डैम में 53 एमएलडी पानी का स्टोरेज आरक्षित किया गया था। लेकिन उद्योगों का पानी दूसरी जगहों पर क्यों दिया जाता है। कंपनी मालिकों का कहना था कि पानी के टैंकर खरीद कर उद्योग चलाना अव्यावहारिक है और इससे उद्योग बंद हो जायेंगे, सरकार के विभिन्न टैक्स और श्रमिकों के वेतन का भुगतान उद्यमी कैसे कर सकते हैं। हालांकि इस संबंध में एमआईडीसी के अधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन अधिकारीयों से संपर्क नहीं हो पाया।**

# मुंबई में बीच सड़क पर हुई तांगा रेस, NGO की शिकायत पर चला कानून का चाबुक, 4 गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई में गोरेगांव (पूर्व) की एक व्यस्त सड़क पर कुछ लोग तांगा रेस करते हुए नजर आए। पुलिस ने बताया कि दो तांगों के बीच रेस करने को लेकर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड पर इस अवैध कृत्य के बारे में एक एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) ने शिकायत दर्ज कराई थी. जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। दिंडोशी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि पशु अधिकार एनजीओ करुणा परिवार को रविवार को पश्चिमी उपनगरीय क्षेत्र गोरेगांव में तांगों की दौड़ होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद एनजीओ के लोग वहां पहुंचे और उन्होंने एक ब्रिज पर दो तांगों पर सवार लोगों को रेस लगाते हुए देखा। पुलिस के मुताबिक आरोपी घोड़ों के लिए कोई सुरक्षा एहतियात बरते बगैर ही बीच सड़क पर तांगों की रेस करा रहे थे। उन्होंने दोपहर लगभग 3.30 बजे गोरेगांव पश्चिम से पूर्व की ओर पुल पर भागती दो घोड़ागाड़ी (तांगा) देखी। पुलिस ने दौड़ में शामिल दोनों तांगों को जब्त कर लिया है। शिकायत के आधार पर दिंडोशी पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान रूजेल जसिंटो (40), लैरी जसिंटो (30), भास्कर वैश (20) और दिलीप डाकवा (27) के तौर पर हुई है।

# कांदीवली इलाके के एक कॉलेज में लगी आग, फायर ब्रिगेट की तीन गाड़ियां मौके पर



**मुंबई :** मुंबई के कांदिवली इलाके के एक कॉलेज में बुधवार सुबह आग लग गई। मुंबई के फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के अनुसार, दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। आग लगने की घटना कथित तौर पर कांदिवली के केईएस कॉलेज में हुई थी। आग लगने के समय इमारत में कितने लोग थे और आग लगने के कारणों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।''

इससे पहले, उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिला मुख्यालय के पास मंगलवार रात एक फर्नीचर गोदाम में भीषण आग लग गई। आग पास के एक नर्सिंग होम की इमारत में भी फैल गई, जिससे मरीजों को शिफ्ट करना पड़ा। बृजेश कुमार ने कहा, ''फर्नीचर की दुकान में आग लग गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा आग बगल के एक निजी अस्पताल की इमारत की दीवार में भी फैल गई। आग पर काबू पा लिया गया है। अस्पताल में तीन मरीज थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।'' ।

# बीजेपी ने मुस्लिम लीग से की उद्धव ठाकरे की तुलना, शिवसेना यूबीटी प्रमुख ने यूसीसी पर दिया था ये बयान...



**मुंबई :** बीजेपी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुस्लिम लीग की भाषा बोलने के लिए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की आलोचना की है. ''पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है कि यूसीसी वास्तव में हिंदुओं के लिए परेशानी भरा होगा. यह बयान संविधान सभा में मुस्लिम लीग के उन सदस्यों के बयान से मेल खाता है जिन्होंने उस समय यूसीसी का विरोध किया था. गौरतलब है कि रविवार को वर्ली में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में बोलते हुए, ठाकरे ने केंद्र सरकार से यह स्पष्ट करने की अपील की थी कि यूसीसी लागू होने पर हिंदुओं को किन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा.

**बीजेपी ने ठाकरे की तुलना मुस्लिम लीग से की**

ठाकरे को जवाब देते हुए पाठक ने कहा, ''ठाकरे को इस मुद्दे पर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के रुख का अध्ययन करना चाहिए. डॉ. अम्बेडकर ने 23 नवंबर, 1948 को संविधान सभा में बोलते हुए यूसीसी पर मुस्लिम लीग के सदस्यों द्वारा की गई सभी आपत्तियों का जवाब दिया है.'' पाठक ने आगे कहा, ठाकरे ने बीएमसी में 20 फीसदी मुस्लिम वोटों के लिए मुस्लिम लीग की भाषा बोलना शुरू कर दिया है चुनाव.

**उद्धव ठाकरे का UCC पर बयान**

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी समान नागरिक संहिता का समर्थन करती है, लेकिन आगाह किया कि इससे हिंदुओं को भी परेशानी होगी. उद्धव ठाकरे ने कहा, ''हम समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हैं, लेकिन जो लोग इसे ला रहे हैं उन्हें यह सोचना चाहिए कि इससे केवल मुसलमानों को ही नहीं बल्कि इससे हिंदुओं को भी परेशानी होगी और कई सवाल उठेंगे. ठाकरे ने रविवार को कहा था, 'हम सभी के लिए समान नागरिक संहिता का स्वागत करते हैं, लेकिन क्या यह हिंदुओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा?

# उद्धव ठाकरे गुट का बीएमसी पर 1 जुलाई को विराट मार्च

## एकनाथ शिंदे ने दिया जवाब...

**मुंबई :** मुंबई महापालिका के काम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ आज (मंगलवार, 20 जून) उद्धव ठाकरे ने विराट मार्च निकालने का ऐलान किया. यह विराट मार्च 1 जुलाई को निकाला जाएगा. इस मार्च का नेतृत्व आदित्य ठाकरे करेंगे. इसपर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदेने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि डाका डालने वालों के मुंह से चोरी होने की बात कह कर चिल्लाना शोभा नहीं देता. कल डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि भ्रष्टाचार की जांच के लिए एसआईटी के गठन की बात कही थी. फडणवीस ने ठाकरे सरकार के दौरान बीएमसी में साढ़े बारह हजार करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया. इसके बाद आज उद्धव ठाकरे ने भी शिंदे सरकार पर बीएमसी के पैसों का गलत इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगा दिया. उन्होंने कहा कि उनके रहते बीएमसी के खजाने में 92 हजार करोड़ रुपए जमा हुए थे. वे मुंबई कोस्टल रोड प्रोजेक्ट और पानी संकट को ध्यान में रखते हुए समुद्र के पानी को पीने लाएक बनाने जैसे अहम कामों में इस्तेमाल में लाए जाने के लिए हैं.



**मुंबई की जनता के पैसे का इस्तेमाल शिंदे सरकार कर रही जैसे-तैसे- ठाकरे**

उद्धव ठाकरे ने कहा कि शिंदे सरकार उसका कहीं भी, किसी भी तरह से इस्तेमाल कर रही है. अब तक सात सौ करोड़ रुपए के करीब फिक्स्ड डिपोजिट के निकाले जा चुके हैं. आज मुंबई का कोई माई-बाप नहीं है. मुंबईकरों के पैसों को कहीं भी इस्तेमाल में लाया जा रहा है.

**ठाकरे का विराट मोर्चा मतलब उल्टा चोर कोतवाल को डांटे- सीएम शिंदे**

इसके जवाब में एकनाथ शिंदे ने कहा कि कोविड काल में मुंबई महानगरपालिका के कारभार पर कैग ने सवाल उठाए हैं.उस भ्रष्टाचार की जांच के लिए एसआईटी का गठन किए जाने से उनके पैरों तले जमीन खिसक गई है. पिछले 15-20 सालों से उन्होंने मुंबई महापालिका के पैसों पर डाका डाला है. वे पैसे कहां गए, अब कैग यह सवाल करने वाला है. इसलिए ध्यान भटकाने के लिए विराट मोर्चा निकाला जा रहा है. कैग के सवाल पर एसआईटी का गठन हुआ है. अब दूध का दूध और पानी का पानी होगा. जिसने भी जनता के पैसे का गलत इस्तेमाल किया है, वो बख्शा नहीं जाएगा. बस इसी बात की छटपटाहट है.




# शिक्षकों का मकान किराया भत्ता रद्द होना मुख्यालय में नहीं रहने वाले शिक्षकों के लिए झटका!



**पालघर :** जिला परिषद की आम बैठक में स्कूल क्षेत्र मुख्यालय में नहीं रहने वाले शिक्षकों का मकान किराया भत्ता रद्द करने का अहम फैसला लिया गया. इस संबंध में संकल्प सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। पालघर जिला परिषद के लिए शिक्षा प्राथमिकता है। इसके बावजूद कई सदस्यों ने शिक्षकों के देर से स्कूल आने, स्कूल खत्म होने से पहले जल्दी चले जाने, बच्चों के पढ़ने-लिखने पर जोर नहीं देने की शिकायत की. जिले के छात्रों का भाग्य शिक्षकों के हाथ में है। जिस प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों का सम्मान किया जाता है, उसी प्रकार कर्तव्य की अवहेलना करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। तदनुसार १६ जून को हुई सामान्य समिति की बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से विद्यालय अंचल मुख्यालय में न रहने वाले शिक्षकों का मकान किराया भत्ता निरस्त करने का निर्णय लिया गया. इसे सदन न सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम ने बताया कि जो शिक्षक जिम्मेदारी से कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। महासभा में अध्यक्ष, कुलपति पंकज कोरे, समस्त विषय समिति के अध्यक्ष, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्र शिंदे, समस्त विभाग प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस आम बैठक से अधिकारियों के अनुपस्थित रहने के मुद्दे पर एक बार फिर चर्चा हुई। इस बीच, स्थानीय जिला परिषद सदस्य ने दहानू तालुका में तेंदुए के व्यवहार को लेकर वन विभाग की तैयारियों पर संदेह जताया. उन्होंने बताया कि मानव बस्तियों में प्रवेश करने वाले तेंदुओं या अन्य जानवरों को गन्दी दवा देने के लिए 'डार्ट्स' उपलब्ध नहीं हैं। बताया गया कि वन्य जीवों को पकड़ने के लिए ट्रैप प्रत्येक रेंज कार्यालय को दे दिए गए हैं तथा डार्ट बोरीवली स्थित राष्ट्रीय उद्यान कार्यालय में उपलब्ध है। शाम के सत्र में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समस्या को लेकर सवाल किए गए। सदस्यों ने विभिन्न कार्य स्थलों पर कार्य विवरण बोर्ड व उस पर जिला परिषद, पंचायत समिति व संबंधित अधिकारियों का नाम प्रकाशित करने की मांग की. जिला परिषद में सामान्य प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग में संविदा भर्ती प्रक्रिया को लेकर कई सदस्यों ने आपत्ति जताई।

# विधानमंडल या चोरों की मंडली कहकर फंसे संजय राउत?

## अब कार्रवाई के लिए राज्यसभा सभापति के पास भेजा जायेगा पत्र



**मुंबई:** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। कुछ दिनों पहले संजय राउत ने महाराष्ट्र विधानमंडल को 'चोरों की मंडली' कहा था। उस समय राउत के इस बयान का जबरदस्त विरोध हुआ था। इतना ही नहीं राउत के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव भी बीजेपी नेता द्वारा लाया गया था। अब यह मामला तूल पकड़ रहा है। महाराष्ट्र विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के प्रमुख और बीजेपी नेता प्रसाद लाड ने अहम आदेश दिया है। लाड ने परिषद सचिव से संजय राउत के खिलाफ बीजेपी विधायक द्वारा लाए गए विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव के खिलाफ कार्रवाई करने और मामले को राज्यसभा के सभापति के पास भेजने को कहा है। संजय राउत को फरवरी महीने में महाराष्ट्र विधानमंडल को 'चोरों की मंडली' कहने के लिए विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया था।

**राउत के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए**

इस मामले में बीजेपी एमएलसी राम शिंदे ने संजय राउत के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया था। प्रसाद लाड ने विधान परिषद सचिव को लिखे पत्र में कहा कि यह मुद्दा आपके समक्ष काफी समय से विचाराधीन है। इसलिए आपसे गुजारिश है कि आप इस मामले में उचित निर्णय लें और इसे राज्यसभा के सभापति के पास भेजें। प्रसाद लाड ने आगे कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर को संजय राउत के खिलाफ इसी तरह का विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव मिला था। जिसे बीते छह अप्रैल को राज्यसभा सभापति को भेजा गया है। सदन का अपमान करने के लिए राउत के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोर्हे ने बीते मार्च महीने में संजय राउत के बयान को असंतोषजनक मानते हुए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के पास भेजा था। जबकि धनखड़ ने मई में इस मामले को राज्यसभा विशेषाधिकार समिति को भेज दिया था।

# मीरा भायंदर में पानी की कटौती की संभावना...



**मीरा-भायंदर :** मीरा-भायंदर नगर निगम के जल आपूर्ति विभाग ने पानी काटने का फैसला किया है। इस हिसाब से हर पंद्रह दिन में 14 घंटे पानी की सप्लाई बंद रहेगी। यह पानी कटौती 15 जुलाई तक के लिए लागू की गई है। इस बीच सिंचाई विभाग ने पानी की कमी के संकट को दूर करने के लिए बांधों में पानी के भंडारण की जांच के लिए सभी बांधों के स्तर की समीक्षा की है। एमआईडीसी बारवी बांध से पानी लेता है और इसे एमबीएमसी और ठाणे, कल्याणडोंबिवली, नवी मुंबई और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों सहित इसके क्षेत्रों में आपूर्ति करता है। 2009 से, सभी निमार्णों के लिए वर्षा जल संचयन प्रणाली की स्थापना अनिवार्य है। हालांकि, भूजल तालिका के नीचे जाने से पानी की भारी कमी हो गई है।

# आदित्य ठाकरे के करीबी सूरज चव्हाण के घर पर ईडी की छापेमारी...!

## कोरोना काल में हुए घोटाले के संबंध में जांच शुरू



**मुंबई:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बुधवार सुबह से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे के करीबी और ठाकरे गुट की शिवसेना के सचिव सूरज चव्हाण के घर पर छापा मारा है। यह छापेमारी कोरोना काल में लाइफलाइन कंपनी घोटाले के संदर्भ में की गई है। चेंबूर में सूरज चव्हाण के आवास पर भी छापेमारी की गई है। सूरज चव्हाण चेंबूर की एक इमारत केके ग्रैंड की 11वीं मंजिल पर रहते हैं। ईडी की टीम सुबह करीब साढ़े आठ बजे से सूरज चव्हाण के घर में दाखिल हुई है। जानकारी के मुताबिक पांच अधिकारियों की एक टीम चव्हाण के घर में जांच कर रही है। लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज कंपनी पर कोरोना काल में आर्थिक घोटाले का आरोप है। बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने आरोप लगाया था कि कोविड सेंटर और चिकित्सा उपकरणों की खरीद के ठेके में घोटाला हुआ है। ईडी आज इस मामले की जांच कर रहा है। इस मामले में ईडी ने निर्बंधित अधिकारी संजीव जायसवाल के घर पर भी छापेमारी की है।

ईडी ने मुंबई शहर में तकरीबन 16 जगहों पर कार्रवाई शुरू की है। उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत के बेहद करीबी सुजीत पाटकर के घर और दफ्तर पर भी ईडी ने छापा मारा है। दरअसल लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज कंपनी सुजीत पाटकर की है। इस कंपनी को कोरोना काल में मेडिकल सेवाएं देने का काम दिया गया था। लेकिन किरीट सोमैया ने आरोप लगाया था कि इस कंपनी ने घोटाला किया है। ईडी अब मामले की जांच कर रही है।

**यह कार्रवाई राजनीतिक दुश्मनी की वजह से तो नहीं?**

राज्य सरकार ने कोरोना घोटाला मामले में एसआईटी का गठन किया है। जो इस मामले की छानबीन करेगी। वहीं, उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वह एक जुलाई को बीएमसी के खिलाफ मार्च निकालेंगे। उद्धव ठाकरे के बयान के बाद बुधवार को ईडी ने यह कार्रवाई की है। ऐसे में यह सवाल उठाया जा रहा है कि कहीं यह कार्रवाई राजनीतिक दुश्मनी की वजह से तो नहीं की है? महाराष्ट्र में फिलहाल उद्धव और शिंदे गुट के बीच संग्राम छिड़ा हुआ है। बहरहाल उद्धव गुट का कहना है कि हमारे नेता ने कुछ गलत नहीं किया है।

# एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय को जल्द ही नए वाहन मिलेंगे




**वसई:** मीरा-भाईंदर,वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय को जल्द ही नए वाहन मिलेंगे। कमिश्नरी के लिए १७१ चार पहिया और २७८ दोपहिया वाहन स्वीकृत किए गए,चूंकि मौजूदा वाहन अपर्याप्त हो रहे हैं, आयुक्तालय द्वारा और अधिक वाहन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया था। इसे अभी मंजूरी मिली है ।पुलिस कमिश्नरेट को बने दो साल हो चुके हैं और इलाके में कुल १७ पुलिस थाने हैं।आयुक्तालय में अपराध को रोकने और शहर में गश्त करने के लिए २७९ वाहन हैं।

इसमें १०७ चार पहिया और १७२ दोपहिया वाहन शामिल हैं। नागरिकों की सुरक्षा के लिए आयुक्तालय द्वारा डायल ११२ पहल शुरू की गई है। इस नंबर पर जब मदद के लिए कॉल आती है तो पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच जाती है। इस उद्देश्य के लिए नियमित अंतराल पर बिट मार्शल नियुक्त किए गए हैं और डायल ११२ पहल के लिए कुल ५० दोपहिया और २८ चौपहिया वाहन प्रदान किए गए हैं ।महिलाओं की सुरक्षा के लिए शहर में पेट्रोलिंग करने वाले निर्भया दस्ते को भी वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। लेकिन,अक्सर पुलिस के स्वामित्व वाले वाहन पुराने और खराब स्थिति में होते हैं, उन्हें बार-बार मरम्मत के लिए भेजना पड़ता है। ऐसे समय में वाहन उपलब्ध न हो तो कार्य में बाधा आती है ।आयुक्तालय में मौजूदा वाहन- अपर्याप्त होते जा रहे हैं हालांकि वाहनों की संख्या कम होने के बावजूद पुलिस की जांच पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। विभिन्न थानों में दर्ज ९० प्रतिशत अपराधों को सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया है इस कार्य में तेजी लाने और कमिश्नरेट को और अधिक सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार को और वाहन प्राप्त करने का प्रस्ताव भेजा गया था। इसे अभी मंजूरी मिली है। कहा गया कि स्वीकृत वाहनों को जल्द से जल्द मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के बेड़े में शामिल किया जाएगा।



# दुष्कर्मी रईस चार वर्ष बाद आया पुलिस की गिरफ्त मे



**मीरा रोड :** एक नाबालिग लड़की को अपनी हवस का शिकार बनाने वाले आरोपी को मीरा रोड पुलिस ने चार वर्ष बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार मीरा रोड पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग लड़की को कोई भगाकर ले गया है और उसका बलात्कार किया है। पुलिस ने पीड़ित के पिता की शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 363, 376 (2 आईएन 366, 342, 323, 504, 506, 34 सहित बाल लैंगिग अपराध सरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3, 4, 7, 8 और बाल विवाह अधिनियम 2006 धारा 9 के तहत मामला दर्ज कर लिए था। पुलिस ने लड़की का पता लगा लिया पर आरोपी युवक फरार हो गया था।

# लापरवाही और कुव्यवस्थाओं की फेहरिस्त में नायर अस्पताल!




**मुंबई :** बुनियादी सुविधाओं की मार और कुव्यवस्थाओं की वजह से नायर अस्पताल की नारकीय स्थिति हो गई है। अस्पताल में इलाज कराने के लिए आनेवाले मरीजों को ओपीडी में घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ता है, तब कहीं जाकर उनका नंबर आता है। मरीजों की समस्या यहीं समाप्त नहीं होती है। डॉक्टरों द्वारा लिखी गई कई दवाइयां अस्पताल में न मिलने से मरीजों और उनके परिजनों को मेडिकल स्टोरों से खरीदनी पड़ती हैं। अस्पताल के ओपीडी से लेकर इमरजेंसी और अस्पताल के वॉर्डों में भर्ती मरीज तक असुविधाओं की मार झेल रहे हैं। यहां तक कि आईसीयू में भर्ती मरीज भी बदहाली से अछूते नहीं हैं। साथ ही अस्पताल में सर्जरी कराने के लिए आनेवाले मरीजों का भी हाल बेहाल है।

नायर अस्पताल में सीटी स्कैन, एमआरआई स्कैन, न्यूक्लियर मेडिसिन स्कैन, रेडियो-थेरेपी जैसी डायग्नोस्टिक के साथ ही पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, हिस्टोपैथोलॉजी लैब और ब्लड बैंक के साथ पूरी तरह से सुसज्जित लैब की सुविधाएं हैं। हालांकि, इनके बाहर लंबी कतारें लगी रहती हैं। सीटी और एमआरआई स्कैन के लिए मरीजों को दो से तीन महीने की तारीख दी जा रही है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि अस्पताल के एमआरआई विभाग में रोजाना ५०-६० मरीज आते हैं लेकिन यहां रोजाना करीब १२-१५ एमआरआई हो पाता है। शेष मरीजो को लंबा डेट दे दिया जाता है। फिलहाल नई एमआरआई मशीन के लिए १२० करोड़ रुपए मंजूर हुआ है, जिसे खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। मरीजों के परिजनों का कहना है कि निजी केंद्रों पर एमआरआई स्वैष्ठन की लागत ८,००० से १५,००० रुपए के बीच है, लेकिन नायर अस्पताल में २,५०० रुपए में ही होता है इसलिए यहां हमें असहाय होकर अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ता है। मुंबई मनपा के नायर अस्पताल में १,६२३ बेड की व्यवस्था है। इस अस्पताल के ओपीडी में रोजाना २ से २.५ हजार मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं। इसके साथ ही १०० से १५० मरीज विभिन्न वॉर्डों में भर्ती होते हैं। इसके अलावा प्रतिदिन औसतन ४० से ५० सर्जरियां भी की जाती हैं। इन सबके बीच मरीजों के सामने सबसे बड़ी चुनौती दवाओं की है। अस्पताल में कई दवाएं न मिलने से मरीजों को मेडिकल स्टोरों में जाना पड़ता है, जहां मरीजों और उनके परिजनों को अधिक कीमत देकर दवाएं खरीदनी पड़ती हैं।

# एक जुलाई को शिवसेना की ओर से मनपा पर विराट मोर्चा



**मुंबई :** आगामी एक जुलाई को शिवसेना की ओर से मनपा पर विराट मोर्चा निकाला जाएगा, ऐसी घोषणा शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे ने कल की। इस मोर्चे का नेतृत्व शिवसेना नेता व विधायक आदित्य ठाकरे करेंगे।

आगामी चुनाव की पृष्ठभूमि पर उद्धव ठाकरे ने कल दादर स्थित शिवसेना भवन में नगरसेवकों से संवाद साधा। इसके बाद पत्रकार परिषद लेकर उन्होंने यह जानकारी साझा की। सड़क के नाम पर, जी-२० के नाम पर दिनदहाड़े पैसों की बबार्दी शुरू है। सड़क घोटाला, कंक्रीट घोटाला दिनदहाड़े चल रहा है। नगरसेवकों के रहते हुए प्रस्तावों पर सर्वदलीय प्रतिनिधियों के सामने चर्चा होती है, उसके बाद मंजूरी-नामंजूरी मिलती है, इसके बाद ठेका दिया जाता है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मुंबई का माई-बाप ही नहीं बचा है। हर तरफ से बबार्दी शुरू है। मनपा के इस भ्रष्टाचार की पोल खोलनी ही चाहिए, ऐसा उद्धव ठाकरे ने कहा।

शिवसेना की सत्ता आने के बाद मुंबई मनपा की तिजोरी में ९२ हजार करोड़ रुपए की वृद्धि हुई थी, जो एफडी के रूप में थी। उससे ही मुंबईकरों के लिए कोस्टल रोड और अन्य विकास कार्य मनपा कर रही थी। अब किसी भी काम के लिए बेझिझक वो पैसा निकाला जा रहा है। अब तक सात-आठ से नौ हजार करोड़ उसी एफडी में से इस्तेमाल किया गया है, ऐसा आरोप उद्धव ठाकरे ने लगाया। जनता के इन पैसों का हिसाब सरकार और मनपा के प्रशासक को देना ही पड़ेगा, ऐसा भी उन्होंने ललकारते हुए कहा।

# बकरीद के दौरान तीन दिनों के लिए ३ हजार मजदूर करेंगे काम



**भिवंडी :** मनपा प्रशासन ने इस कार्य को ठेका पद्धति से कराने का निर्णय लेते हुए निविदा जारी कर दी। मनपा इसके लिए २५ लाख रुपए खर्च करेगी। लेकिन बकरीद से क्या मनपा को सफाई ठेकेदार मिल जाएगा? इसे लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। इस कार्य को अमानवीय बताते हुए कास्ट्राइब कर्मचारी कल्याण महासंघ भिवंडी यूनिट के अध्यक्ष दीपक राव, लेबर प्रष्टंट यूनियन के सचिव संतोष चौहान व भिवंडी म्युनिसिपल कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र काबाड़ी ने मनपा आयुक्त विजय कुमार म्हसाल व पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले को ज्ञापन सौंपा और बताया कि यूनियन सफाई का काम नहीं करेगी।

तीनों यूनियनों ने हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए बताया, 'बकरीद को लेकर दायर जनहित याचिका के बाद ५ जुलाई २०२२ को न्यायाधीश एस.के. मेमन व एम.एस. कार्णिक ने कुबार्नी संबंधित निर्देश में बलि देने वाले को वेस्टेज भी खुद हटाने का निर्देश दिया है।' मनपा ने बकरीद के दौरान तीन दिनों की सफाई के लिए ३ हजार मजदूरों को ठेका पद्धति से काम करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए निविदा निकाली गई है। निविदा की अंतिम तारीख २६ जून है। मनपा स्वास्थ्य अधिकारी जे.एम. सोनवने ने बताया कि मनपा सफाई कार्य के लिए २५ लाख खर्च कर रही है। सोनवने ने आगे कहा कि मजदूरों का काम कुबार्नी स्थल से कटे जानवरों के वेस्टेज को उठाकर मनपा की घंटागाड़ियों में डालना रहेगा। उसके आगे का काम मनपा सफाईकर्मी करेंगे।

# बोईसर की जनसंख्या बढ़ी लेकिन सुविधाएं नदारद...!




**पालघर :** जिले के बोईसर-तारापुर इलाके में एशिया का नामचीन औद्योगिक क्षेत्र है। विशाल औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण बोईसर और आस-पास के इलाके की जनसंख्या लाखों में है, जो लगातार बढ़ रही है, लेकिन सुविधाओं के मामले में आज भी ये इलाका का पिछड़ा हुआ है। बोईसर आज भी हॉस्पिटल, सड़क, गटरलाइन, डंपिंग ग्राउंड, सार्वजनिक गार्डन जैसी तमाम मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। बोईसर और आस-पास की ग्रामपंचायतों को मिलाकर नगरपालिका बनाने की मांग ने अब जोर पकड़ लिया है। आबादी से लेकर आय तक का गुणा भाग करें तो सभी दृष्टि से बोईसर का हक बनता है कि उसे नगरपालिका का हक मिले। बोईसर की भूमि ने कई राजनीतिक धुरंधर भी दिए पर सत्ता व राजनीति के इस शतरंजी खेल में शहर को कुछ खास हासिल नहीं हो पाया।

बोईसर तारापुर का औद्योगिक इलाका सरकार के लिए सोने के अंडे देने की मुर्गी से कम नहीं है। सालाना अरबों रुपए की जीएसटी देने वाला औद्योगिक हब है। इसके बावजूद यहां के कई इलाकों में अप्रैल से पेयजल की समस्या शुरू हो जाती है। यहां एमआईडीसी में टाटा, जिंदल, विराज, बॉम्बे रेयॉन, सियारामस, लूपिन, वाडीलाल के अलावा देश की ब्रांडेड कंपनियां मौजूद हैं, लेकिन आज भी बोईसर और आस-पास के इलाकों की पहचान एक पिछड़े हुए इलाको में होती है। यहां पर मुंबई-अमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर चलने वाली बुलेट ट्रेन का भी स्टॉपेज प्रस्तावित है। कुछ किलोमीटर दूर नेशनल हाइवे ४८ से शहर जुड़ा हुआ है व महाराष्ट्र का बड़ा फिशिंग पोर्ट सातपाटी यहां से २० किलोमीटर दूरी पर है।

# 20 लाख से अधिक के वित्तीय लेन-देन की होगी जांच

**मुंबई :** मणिपुर में पिछले ५० दिनों से जारी हिंसा के प्रायोजित होने की आशंका जताई जा रही है। इसकी तह तक जाने के लिए अब सूबे में बड़े वित्तीय लेन-देन की जांच कराने का निर्णय सरकार ने लिया है। राज्य में पिछले महीनों में हुए २० लाख रुपयों से अधिक आर्थिक व्यवहार की जांच फाइनेशियंल इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू) के जरिए कराई जाएगी।

बता दें कि वित्तीय खुफिया यूनिट (एफआईयू) जनवरी २०२३ से लेकर अब तक २० लाख से ऊपर के सभी लेन-देन पर नजर रख रही हैं। पिछले ६ महीनों में हुए बड़ी रकमवाले सभी व्यवहारों, विदेश से आई रकम और धमार्दाय संस्थानों को दिए गए दान भी जांच एजेंसी के रडार पर होंगे, ऐसा एक अधिकारी ने बताया। एजेंसी ने १५० से अधिक ऐसे संदिग्ध खातों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसमें लेन-देन के पैटर्न में असामान्य गतिविधियां दिखाई दे रही हैं। इसमें कुछ चैरिटी संस्थाओं, स्थानीय नेता और व्यक्तिगत लोग शामिल हैं, ऐसा एक अधिकारी ने मीडिया को बताया। ये १५० खातों का दायरा पड़ोसी राज्य मिजोरम और नागालैंड तक भी पैष्ठला हुआ है। एजेंसी मणिपुर स्थित दो कंपनियों की मनी लॉन्ड्रिंग के पिछले रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

# कोल्हापुर में शिक्षा की स्थिति बद से बदतर!



**कोल्हापुर :** लोग की इस व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि कोल्हापुर जिले के पालक मंत्री जो शिक्षा मंत्री भी हैं उनके जिले में शिक्षा की स्थिति बद से बदतर हो गई है। मनपा क्षेत्र में शिक्षा के लिए सुविधाजनक इमारत नहीं होने से बच्चों को अन्य ठिकानों पर पढ़ाई के लिए मजबूर होना पड़ता है। यहां अंधेरे में छात्रों को जमीन पर बोरे पर बैठकर कर शिक्षा हासिल करनी पड़ रही है। बच्चों की दुर्दशा को लेकर अभिभावकों ने केसरकर को अवगत भी कराया है। उनका कहना है कि एक तरफ निजी स्कूलों में जाकर अमीरों के बच्चे अच्छी सुविधा पाते हैं, जबकि गरीबों के बच्चों की मनपा स्कूलों में दुर्दशा हो रही है। कनेरकर नगर वार्ड के रावसाहेब विकारे स्कूल के एक अभिभावक ने बताया कि छात्रों को नई किताबें व नई ड्रेस देकर शिक्षा व्यवस्था सुचारू करने का नाटक किया गया।



# 67 के खाद्यान्न घोटाले में दोषियों पर नहीं हुई कार्यवाही

## क्षेत्रीय प्रबंधक रीवा की टीम ने किया था खुलासा, अब चल रही लीपापोती

**सीधी ।** मझौली विकासखंड के नेबूहा कैंप से हजारों क्विंटल गेंहू गायब हो गया था जिस मामले को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट वेयर हाउसिंग लॉ कार्पोरेशन लिमिटेड रीवा द्वारा जांच कराई गई और जांच में दोषी पाये गए कर्मचारियों के विरूद्ध मामला दर्ज कराने के निर्देश भी दिये गए थे लेकिन पत्र के सीधी आने के बाद यहां के अधिकारियों ने मामले की लीपापोती करने अपने स्तर से जांच शुरू की गई थी अब वह जांच जॉच पूरी कर ली गई है। जो जानकारी मिली है उसके अनुसार जॉच के बाद दोषी शाखा प्रबंधक से वसूली की कार्रवाई करने का निर्णय विभाग ने लिया है। यह भी जानकारी मिली है की 67 लाख के आर्थिक अनियमितता के मामले में शाखा प्रबंधक पर निलंबन की गाज भी गिर सकती है। बता दें कि क्षेत्रीय प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट वेयर हाउसिंग लॉ कार्पोरेशन लिमिटेड रीवा के द्वारा 4 जनवरी 2023 को पत्र जारी किया गया था। जिसमें नेबूहा कैंप में खाद्यान घोटाले मामले में



एफआईआर के आदेश मामले में हडकंप मच गया था। जनवरी 23 के बाद इस मामले में स्थानीय स्तर पर जॉच की कार्रवाई शुरू की गई जिसके बाद यह तय हुआ कि नेबूहा कैंप में खाद्यान की बोरियां बड़ी संख्या में निर्धारित संख्या से कम पाई गई लिहाजा नेबुहा कैंप प्रभारी को दोषी मानते हुएए सज्जन सिंह शाखा प्रबंधक के खिलाफ वसूली की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है।

### 67 लाख से ज्यादा का हैं घोटाला

क्षेत्रीय प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट वेयर हाउसिंग लॉ कार्पोरेशन लिमिटेड रीवा द्वारा जो पत्र सीधी कार्यालय को भेजा गया था उसमें इस बाद का उल्लेख किया गया था कि जिला सीधी के प्रदाय केन्द्र मझौली के नेबूहा कैम्प में गेहूं पीएसएस वर्ष 2021/22 में कुल 2180 बोरी, जिसका वजन 1357.74 क्विंटल कम पाया गया था। बताया गया है कि दो वर्षो के दौरान कुल 5156 बोरा की कमी पाई गई थी जो गंभीर वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। यही नही इस पूरे मामले का खुलाशा होने के बाद विभाग के जिम्मेवाद अधिकारियों द्वारा मामले को रफा– दफा करने का हर संभव प्रयास किया गया वहीं शाखा प्रबंधक मध्य प्रदेश वेयर हाऊस एवं लाजि. कार्पोरेशन मझौली के शाखा प्रबंधक मझौली का कहना था की बहुत सारा गेंहूॅ रख रखाव के अभाव में सड़ गया था।

### विभाग की भूमिका संदिग्ध

हजारो क्विंटल गेंहू के हेरफेर करने के मामले को लेकर विभागीय भूमिका भी संदिग्ध बनी हुई है। क्षेत्रीय प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट वेयर हाउसिंग लॉ कार्पोरेशन लिमिटेड रीवा द्वारा दोषियों के विरूद्ध मामला दर्ज करने के निर्देश दिये गए थे लेकिन उस पत्र के सीधी आने के बाद फिर से जांच शुरू की गई और पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि इस पूरे मामले में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी पर्दा डालने में लगें हुए हैं।

### इनका कहना है।

जिले के प्रदाय केन्द्र मझौली के नेबूहा कैंप में खाद्यान की बोरियॉ निर्धारित संख्या से कम पाए जाने के मामले की जॉच पूरी कर ली गई है। इस मामले में शाखा प्रबंधक व नेबूहा कैंप प्रभारी को दोषी पाया गया है लिहाजा उनके खिलाफ वसूली की कार्रवाई की जायेगी साथ ही शाखा प्रबंधक पर निलबंन की गाज भी जल्द ही गिर सकती है।

सुनील अग्रवाल,
शाखा प्रबंधक वेयर हाऊस सीधी।

# विधानसभा अध्यक्ष श्री गौतम ने पत्रकारों को सम्मानित किया

## माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के 40 वाँ स्थापना दिवस पर आयोजन



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने सोमवार को राजधानी के माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के 40 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री सत्यनारायण शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में देश-प्रदेश जाने माने पत्रकार श्री महेश श्रीवास्तव तथा शोध संस्थान के संस्थापक और पद्मश्री से सम्मानित श्री विजय श्रीधर उपस्थित एवं वरिष्ठ पत्रकार, गणमान्यजन उपस्थति थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने कहा कि पत्रकारों के पास समाज को दिशा देने का दायित्व है। भारतीय पत्रकारिता का अपना अपना विशिष्ठ स्थान है। राजनीति को हमेशा पत्रकारों, लेखकों से हमेशा दिशा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता है। श्री गौतम ने कहा कि वर्तमान युग में पत्रकारिता में बहुत तेजी से बदलाव हो रहा है। पहले सिर्फ समाचार पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से पत्रकारिता होती थी, उसके बाद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आया और अब तो सोशल मीडिया भी आ गया है। सोशल मीडिया को कई लोग फेक मीडिया भी कहते हैं, क्योंकि इस मीडिया में खबरों की सत्यता और तथ्यात्मकता की कोई जगह नहीं है। श्री गौतम ने कहा कि ऐसे समय में निष्ठावान और सही पत्रकारों को पत्रकारिता को बचाए रखने का भी दायित्व निभाना चाहिए।

इस कार्यक्रम मे प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्र वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में स्वदेश समूह के प्रधान संपादक श्री राजेन्द्र शर्मा, पत्रिका समूह के श्री जितेन्द चौरसिया, हरि भूमि के उप संपादक-श्री अनूप सक्सेना ,दैनिक भास्कर से श्री हरे कृष्ण दुबोलिया, उप संचालक जन संपर्क श्री अजय वर्मा, देवी अहिल्या विवि की प्राध्यापक डॉ. सोनाली नरगुन्दे, राज एक्सप्रेस के विशेष संवाददाता श्री गुरेंद्र अग्निहोत्री, पीपुल्स समाचार की संवाददाता सुश्री प्रीति जैन, नवभारत के पत्रकार श्री संदीप तिवारी, नवदुनिया की संवाददाता सुश्री अंजलि राय और डिंडोरी के पत्रकार की आशीष शुक्ल को सम्मानित किया गया।

# संघ के साथी संगठन के साथ साथ सामाजिक सरोकार के कार्यों में भी भागेदारी करे : उपेंद्र गोतम

## अशोक नगर जिला इकाई की बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला बैठक संपन्न अशोकनगर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ अशोक नगर जिला इकाई की बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित की गई बैठक में साथी उपेंद्र गोतम जी पूर्व प्रदेश मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष , साथी राधाकृष्ण सिंघल पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साथी रामगोपाल बंसल प्रदेश सयुक्त सचिव ,साथी अशोक शर्मा बड़े भैया, साथी प्रदेश सयुक्त सचिव ओ पी शर्मा प्रदेश कार्य समिति सदस्य के मुख्य आतिथ्य में एवम जिला अध्यक्ष विकास सोनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई । आज जिला इकाई की बैठक में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के पूर्व मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष साथी उपेंद्र गौतम ने प्रांत अध्यक्ष साथी शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार संगठन



को मजबूती प्रदान करने एवं जिला सम्मेलन ब्लॉक सम्मेलन आयोजित करने सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम बृक्षारोपण , निर्धन बच्चो को शैक्षणिक सामग्री सामाजिक समरसता के कार्यक्रम आयोजित करने की बात रखी ।

अन्य सुझाबो पर भी चर्चा की गई ।शाडोरा के ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष देवेश ओझा की घोषणा की गई । कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव कुमार संभव ने किया आभारव्यक्त साथी शेलेन्द्र शर्मा ने किया । इस अवसर पर संभागीय पदाधिकारी साथी नरेंद्र दुबे सचिन शर्मा संतोष शर्मा कु रेखा नामदेव ब्लॉक इकाई ईशागढ के अध्यक्ष पुनीत श्रीवास्तव मुंगावली ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष भानु दांगी जिला पदाधिकारी राजेन्द्र तिवारी बुन्देल गुर्जर योगेश गुप्ता अजय शर्मा संतोष शर्मा मुकेश मिश्र कमलेश ओझा विवेक शर्मा भारतेंदु वेश भारत सिंह परमार मनीष नरबरिया रविन्द्र दुबे नंदा सर, आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# हम समाज बनाने की राजनीति करते हैं : गणेश सिंह

## सतना सांसद का मैहर क्षेत्र में दौरा, जगह-जगह जोरदार स्वागत

**सतना।** संसदीय क्षेत्र सतना के सांसद गणेश सिंह का कहना है कि हम समाज बनाने की राजनीति करते हैं. जिले के चहुमुखी विकास की राजनीति करते हैं. हम उद्घाटन शिलान्यास की राजनीति नहीं करते हैं. हम मूल्यों पर आधारित राजनीति करते हैं. अनावश्यक किसी पर कोई टीका टिप्पणी नहीं करते हैं. केंद्र और राज्य सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है जो हम अपने यहां न लाए हो, सभी योजनाएं ला चुके हैं सब पर निरंतर काम चल रहा है. पूरे जिले में भाजपा सरकार के काम हो रहे हैं। यह जिला पिछड़े जिले में था जिसे विकसित जिले में लाकर खड़ा किया गया है. सांसद श्री सिंह ने मैहर क्षेत्र का दौरा करने के दौरान पत्रकारों से चर्चा में यह बात कही।

यहां बता दें कि बीते दिवस मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी का बयान चर्चा में था जिसमें उन्होंने अपने ही राजनीतिक [illegible]



गंभीर आरोप लगाते हुए यहां तक कह दिया था कि सांसद केवल राजनीतिक नौटंकी करते हैं. सोशल मीडिया में नारायण त्रिपाठी का बयान जमकर वायरल हुआ था लेकिन इस पर तत्काल प्रभाव से सांसद गणेश सिंह द्वारा कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की गई थी. अगले दिवस सांसद गणेश सिंह ने अनगिनत समर्थकों के साथ मैहर विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया. इस दौरान [illegible] जनसमूह ने जोरदार स्वागत किया। अपने दौरे में सांसद श्री सिंह ने भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों पर जनसंवाद किया।

विधायक नारायण त्रिपाठी द्वारा अपने ही राजनीतिक दल के कद्दावर नेता पर तीखी नाराजगी जाहिर किए जाने के बाद भाजपा में अंतरकलह की चर्चा ने जोर पकड़ लिया था लेकिन मैहर में जिस तरह से भाजपा के लोगों ने जनसमूह के साथ सांसद गणेश सिंह का जगह-जगह गर्मजोशी से माल्यार्पण स्वागत किया उससे अंतर कलह की बात हवा-हवाई होती दिखी. स्पष्ट प्रदर्शित हुआ कि एक अकेले नारायण त्रिपाठी की नाराजगी ने पूरी भाजपा को छिन्न-भिन्न नहीं कर दिया है. बहरहाल अब यह देखने वाली बात होगी कि सपा से कांग्रेसी और फिर भाजपाई हुए मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी अपने क्षेत्र में हुए सांसद के दौरे को [illegible]

# बैरसिया विधानसभा में कांग्रेस के सभी स्थानीय टिकिट दावेदार हुए लामबंद

## कमलनाथ के समक्ष रखेंगे स्थानीय प्रत्याशी की मांग



नजीराबाद

**बैरसिया।** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे राजनीति का पारा गर्म होता जा रहा है इस क्रम में रविवार 18 जून को बैरसिया विधानसभा में कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी बनने की रेस में शामिल बैरसिया विधानसभा के सभी पांचो स्थानीय दावेदार लामबंद होकर जिला पंचायत सदस्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनय मेहर के बैरसिया में पार्क सिटी स्थित आवास पर एकत्रित हुए यहां सभी ने एकसुर होकर कहा कि बैरसिया में कांग्रेस की पराजय के कारणों में एक मुख्य कारण यह भी है कि यहां अभी तक कोई वास्तविक स्थानीय दावेदार को प्रत्याशी नहीं बनाया गया है कांग्रेस की ओर से सभी पांचों स्थानीय टिकट दावेदारों में पार्षद रवि करोसिया, सरपंच प्रतिनिधि प्रभुलाल अहिरवार,जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मिश्रीलाल मालवीय एवं राम कन्हैया सूर्यवंशी है रविवार को सभी ने एकत्रित होकर एक पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नाम एक पत्र भी लिखा है जिस पर सभी ने हस्ताक्षर किए और शीघ्र ही वह बैरसिया विधानसभा में स्थानीय व्यक्ति को टिकट देने की अपनी मांग को लेकर कमलनाथ से मुलाकात करेंगे कमलनाथ की जय जयकार के नारे लगाते हुए स्थानीय दावेदारों ने कहा कि अगर स्थानीय व्यक्ति को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया गया तो हम जनता की भावना को समझते हुए यकीन से कह सकते हैं कि बैरसिया में इस बार भाजपा के गढ़ को ध्वस्त कर दिया जाएगा।




# 33वीं वाहिनी पीएसी में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन

## शरीर का दर्द ही बताता है कि उसमें जीवन है- सेनानायक केपी यादव





**झाँसी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 33वीं वाहिनी पीएसी राजगढ़ में योग शिविर का आयोजन किया गया। भारत ने यूनाइटेड नेशंस के समक्ष यह प्रस्ताव 27 दिसंबर 2014 के दिन रखा गया था यूनाइटेड नेशंस ने योग दिवस की भूमिकाओं और मनुष्य के लिए इसकी उपयोगिता को समझते हुए भारत का यह प्रस्ताव स्वीकार किया।

जिसके बाद 2015 से प्रतिवर्ष 21 जून के दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। 33वीं वाहिनी पीएसी में योग दिवस के अवसर पर योगाचार्य के रूप में कार्यक्रम में संस्कृति मंत्रालय, श्री रामचंद्र मिशन और हैल्थफुलनेस इंस्टीट्यूट झाँसी से अनिल कुमार शर्मा, उमाशंकर शर्मा, डॉक्टर जी.एस. त्रिपाठी एवं संतोष कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे, जहाँ पीएसी में उपस्थित अधिकारियों और जवानों को विभिन्न योगों का अभ्यास कराया गया एवं जीवन में योग के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सेनानायक के पी यादव ने कहा हमारे जीवन में योग का विशेष महत्व है हमें नियमित योगाभ्यास करना चाहिए हमारे शरीर का दर्द ही यह इंगित करता है कि शरीर में जान है। योग एक साधना है जिसे 1 या 2 दिन में पूर्ण नहीं किया जा सकता इसके लिए हमें प्रतिदिन समय निकालना होगा।

आज के समय में व्यक्तिगत और पारिवारिक व्यस्तताओं के कारण आम आदमी का जीवन अस्थिर हो गया है लेकिन 24 घंटे स्वस्थ रहने के लिए हमें कम से कम 30 मिनट का समय योग के लिए अवश्य निकालना चाहिये। इस अवसर पर उप सेनानायक प्रमोद कुमार यादव, सूबेदार सैन्य सहायक अरविंद कुमार राय एवं पीएसी के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्री बब्बू सिंह कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वृहद स्तर पर योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## योगाचार्य ब्रजेश शर्मा जी ने बताए योग के फायदे




**रिपोर्टर -अवधेश शर्मा/दैनिक सिद्धि सरकार हमीरपुर**

***खन्ना महोबा।*** *सर्वविदित है कि योग भारत की देन है। योग के जनक भगवान शिव को माना जाता है, तत्पश्चात ब्रह्म ऋषि, महर्षि पतंजलि को योग गुरु की संज्ञा दी गई। वर्ष 2023 की थीम वसुदेव कुटुंबकम के लिए योग भारत सरकार द्वारा रखी गई है। 27 सितम्बर 2014 को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 देशों में से 177 देशों ने पूर्ण समर्थन प्रदान किया। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। सर्वप्रथम पूरे विश्व में 21 जून 2015 को योग दिवस के नाम से मनाया गया। योग करने से व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बल मिलता है। जिससे उसके अंदर विभिन्न प्रकार के रोगो से लड़ने की शक्ति उत्पन्न होती है। और वह निरोगी रहता है। रक्त प्रवाह, वायु संचार, वात, पित्त और कफ तीनों ही नियंत्रण में रहते हैं। योग हमेशा ही उचित योग प्रशिक्षक की देखरेख में ही करना चाहिए तभी व्यक्ति को लाभ पहुंचता है, अन्यथा लाभ के स्थान पर हानि भी हो सकती है। भारतीय संस्कृति के अनुसार 21 जून पूरे वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन से सूर्य के गति की दिशा दक्षिणायंन होती है। सूर्य की दक्षिणायंन स्थिति योग के लिए सर्वाधिक उपयुक्त मानी गई है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति, महाविद्यालय स्टाफ सहित  सभी सम्मानित जन उपस्थित रहे।*

# जाखलौन योग शिविर में योग सिखाते प्रशिक्षक एवं इस मौके पर मौजूद विद्यार्थी एवं संभ्रांत जन

## योग शिविर में ग्रामीणों ने सीखे स्वस्थ रहने के गुर




**जाखलोन।** ललितपुर के अंतर्गत कस्बा जाखलौन में आज 21 जून 2023 को नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुंदेलखंड इन्टर कॉलेज प्रांगण में शासन की मंशा के अनुरूप हर घर आंगन योग की थीम पर क्षेत्री आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के निर्देशानुसार योग प्रशिक्षक अमित झा एवं रिंकी शर्मा के द्वारा लाभार्थियों को योगाभ्यास कराया गया कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वन्दना एवम् ? कार के उच्चारण से शुरू हुई तत्पश्चात योग प्रशिक्षक अमित झा एवं रिंकी शर्मा द्वारा सूक्ष्म व्यायाम जैसे ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन जैसी चालान क्रियाएं, योगासन ताड़ासन,वृक्षासन ,पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन,त्रिकोणासन,भद्रासन ,वज्रासन, उस्ट्रासन,उत्तानमंडूकासन,वक्रासन,मकरासन ,भुजंगासन , हलासन शवासन आदि एवं प्राणायाम जैसे भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उदगीत सिंहासन, हस्यासन शांति पाठ आदि करवा कर कार्यक्रम का समापन किया । तथा संस्था के प्राचार्य प्रभारी श्री बलराम तिवारी जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बुंदेलखंड इन्टर कॉलेज परिवार का विशेष सहयोग रहा । बुंदेलखंड इंटर कॉलेज के परिवार के सदस्यों ने योग सप्ताह के प्रथम दिन से लेकर अंतिम दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक अपना भरपूर सहयोग दिया ।अन्य सहयोगी संस्थाओं जैसे जल जीवन मिशन, ललित लोकवाणी , ष्टस्ट और आशायों का भी सहयोग रहा ।इस नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मैं योग प्रशिक्षक अमित झा अपनी सहयोगी रिंकी शर्मा ने सभी को धन्यवाद कहा इस अवसर पर बुंदेलखंड कॉलेज की प्राचार्य बलराम तिवारी, जगदीश नारायण शास्त्री, राजेश कुमार चौबे,राजेश पुरोहित,छत्रसाल सिंह चौहान, रविशंकर साहू, धर्मेंद्र कुशवाहा, विजय गोस्वामी, राजेंद्र सिंह चौहान के अलावा प्रबंधक स्वामी विवेकानंद उमाकांत मिश्रा एडवोकेट प्रवेश कुमार शर्मा, सामुदायिक रेडियो ललित लोकवाणी से काशीराम, जगदीश झा, ओम प्रकाश एवं बालक बालिकाएं मौजूद रहे।

# नियमित योग अभ्यास से से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य मिलता है लाभ



**आगरा !** जिला प्रोबेशन अधिकारी जी के निर्देशन में आज जनपद आगरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सेंट्रल पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला समन्वयक लवकेश सेहरा ने बताया कि बेटियों का सशक्त और स्वस्थ रहना आज के समय की मांग है ।महिलाएं एक नहीं बल्कि कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाती हैं. किसी के लिए मां का किरदार, किसी के लिए पत्नी का, किसी के लिए बेटी का और किसी के लिए बहन का. अपने हर रोल में वे अपने कंधों पर कई तरह की जिम्मेदारियों का बोझ उठाए रखती हैं. कभी ऑफिस की भागदौड़, बच्चों की देखभाल, पूरे घर का ख्याल रखना या पढ़ने जाना. ऐसे में शरीर में ऊर्जा की क्षति भी बहुत होती है और शरीर को कई तरह के रोग जैसे डायबिटीज, थाइराइड, पीसीओएस(क्कष्टह्र-) या पीसीओडी और जहां-तहां दर्द की दिक्कत होने लगती है. ऐसे में हर महिला को कुछ योगासन रोजाना जरूर करने चाहिए योग आसन शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं ।शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है । योगा चिंता, तनाव और अवसाद पर काबू पाने के लिए मन शांत रखता है तनाव कम करने में मदद करता है आधुनिक जीवन में लोगो के पास समय कम कार्य ज्यादा है और बीमारियां बढ़ रही है ।



# अल्लाह को पाने के लिए बुजुर्गों का सहारा जरूरी

**आगरा !** ताजगंज कोल्हाई स्थित सूफी अंसारी मियां की निवास पर आज फातिहा का आयोजन बड़ी ही अकीदत के साथ किया गया यह महा ना पाता अंसारी मियां के पीर ओ मुर्शिद मुन्ने मियां की फातिहा की जाती है फातिहा मैं महफिले समा तथा लंगर भी तक्सीम किया गया इस फातिहा में मुन्ने मियां के मुरीद से लेकर सूफी अंसारी मियां के मुरीद तक बड़ी ही दूर-दूर से आते हैं तथा अपनी हाजिरी लगाते हैं मुन्नी मियां की दरगाह भैसोड़ी शरीफ में स्थित है आए हुए मुरी दो अकीदत मन दो को सूफी अंसारी मियां ने कहा कि बुजुर्गों के दरबारों से बेचैन दिल को सुकून हासिल होता है अल्लाह तबारक ताला तक पहुंचने का रास्ता भी बुजुर्गों से ही मिलता है अल्लाह को पाने के लिए इन बुजुर्गों ने अपनी पूरी जिंदगी राय अल्लाह में लगा दी तब जाकर अल्लाह तबारक ताला इन बुजुर्गों को मिला हमेशा इन बुजुर्गों ने अकबर चलकर हमको हक और बातिल का फर्क बता दिया बातिल वाला रास्ता शैतान का रास्ता है और हक वाला रास्ता अल्लाह तक हमको ले जाएगा सारी चीजें हमारे बुजुर्गों ने हमको खुलकर बता दी अब हमको अल्लाह तबारक ताला के यहां किस तरह जाना है हमको यह तय करना होगा बुजुर्गों से निस्बत मोहब्बत करने का नाम अल्लाह को पाना होता है इसीलिए हम सभी को इन बुजुर्गों के बताएं रास्ते पर चलना चाहिए ।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शुक्रवार 23 जून 2023


# बेटी के हॉलीवुड डेब्यू पर आया पापा महेश भट्ट का रिएक्शन, सुनकर खुश हो जाएंगी आलिया भट्ट

**गुच्ची** के ग्लोबल एम्बेसडर बनने के के बाद अब आलिया भट्ट जल्द ही हॉलीवुड में फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन से अपनी नई शुरूआत करने वाली हैं। बेटी की इस जर्नी पर अब पापा महेश ने अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया कि वो इस फैसले से काफी खुश हैं।

**जल्द हॉलीवुड में नजर आएगी आलिया**

एक इंटरव्यू में, महेश भट्ट ने आलिया भट्ट के हॉलीवुड डेब्यू पर खुलकर बात की और कहा, ''जब मैं उसे गैल गैडोट और जेमी डोर्नन जैसे अंतरराष्ट्रीय प्लेयर्स के साथ खड़ा देखता हूं तो मेरा दिल गर्व से बढ़ जाता है। इस विचार से विचलित हुए बिना कि यह हॉलीवुड है, वहां खड़े रहना, जब अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा की बात आती है तो आज के युवा खुद को किसी भी तरह से तुच्छ या कमतर महसूस नहीं करते हैं।''

**पापा ने जताई खुशी**

उन्होंने आलिया भट्ट के साथ हुई बातचीत को भी याद किया जहां उन्होंने खुलासा किया था कि बॉलीवुड में उनकी क्या कमी है। महेश भट्ट ने कहा, ''मुझे याद है कि एक बार मैंने उनसे पूछा था, 'ऐसा क्या है जो उनके पास है, जो हमारे पास नहीं है? और उसका सीधा जवाब था 'पैसा'। उसने बड़ी नम्रता से यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास काम करने का एक तरीका है और वे बहुत पेशेवर हैं लेकिन उनके पास पैसा है, नहीं तो हमारे पास सब कुछ है। मुझे लगता है कि आत्मविश्वास देश के लिए बहुत जरूरी है।''



**11 अगस्त को होगी रिलीज**

टॉम हार्पर की निर्देशित फिल्म, हार्ट ऑफ स्टोन में गैल गैडोट, जेमी डोर्नन और आलिया भट्ट लीड रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्माण स्काईडांस के डेविड एलिसन, डाना गोल्डबर्ग और डॉन ग्रेंजर के साथ-साथ मॉकिंगबर्ड के बोनी कर्टिस और जूली लिन और गैल और जारोन वसानो के पायलट वेव बैनर ने किया गया है। यह फिल्म 11 अगस्त को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होने वाली है।

# विजय वर्मा ने तमन्ना भाटिया को बताया आइकॉन, एक्टर ने लेडी लव के साथ काम करने का एक्सपीरियंस भी किया शेयर

**हाल** ही में तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने अपने रिलेशनशिप को एक्सेप्ट किया है. दोनों की रिलेशनशिप की खबरें काफी समय से चचार्ओं में हैं. अब तमन्ना ने जब इस रिश्ते को सभी के सामने एक्सेप्ट कर लिया है तो दोनों मीडिया के सामने एक-दूसरे के बारे में बोलने से भी नहीं कतराते. ये लव वर्ड्स फिलहाल इनकी अपकमिंग वेब सीरीज 'लस्ट स्टोरिज 2'की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं. इस बीच उन्होंने गर्लफ्रेंड तमन्ना के साथ काम करने के एक्सपीरियंस पर खुलकर बात की साथ ही उन्होंने गर्लफ्रेंड तमन्ना भाटिया को आइकॉन बताया.

**तमन्ना के साथ काम करना विजय वर्मा के लिए कैसे हो गया आसान**

दिए इंटरव्यू में विजय वर्मा ने कहा, 'इसका सरप्राइजिंग और सुंदर हिस्सा ये था कि तमन्ना इस स्टोरी और उनके रोल के बारे में बताने के लिए कितनी तैयार थीं. ऐसे में उनके साथ काम करना और आसान हो गया, क्योंकि हम दोनों इसे एक साथ करने के लिए बहुत एक्साइटेड थे. हम सुजॉय घोष के साथ इसकी शूटिंग करने के लिए काफी उत्साहित थे. जब आप किसी काम को करने के लिए एक्साइटेड होते हैं और उसमें पूरी तरह डूब जाते हैं तो ये प्रक्रिया बहुत मजेदार हो जाती है.'

**विजय वर्मा ने तमन्ना भाटिया को बताया आइकॉन**

मैंने उनका कुछ काम देखा है और वो कई मायनों में एक आइकॉन हैं. मैंने बाहुबली देखी थी जब ये थिएटर्स में आई थी, मैंने उनकी हालिया रिलीज बबली बाउंसर देखी थी, शूटिंग से ठीक पहले, जब आप फिल्म देखते हैं तो ऐसा लगता है जैसे उसके पास देने के लिए बहुत कुछ है, और किरदार एक पहेली है. जैसे कि उनके पास कुछ छुपा हुआ है और तमन्ना के पास वो स्किल्स हैं इसलिए ये बहुत अच्छा था.''



# रवीना टंडन की बेटी का सिंगिग वीडियो वायरल, फैंस बोले- 'आपकी आवाज थैरेपी की तरह है...



**रवीना** टंडन की बेटी ने अभी इंडस्ट्री में कदम भी नहीं रखा है और वह हर जगह छा गई है. राशा एक सोशल मीडिया स्टार हैं. वह अब जल्द ही बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं. अभिषेक कपूर की फिल्म से राशा डेब्यू करेंगी. उनके साथ अजय देवगन के भांजे अमन देवगन इस फिल्म में नजर आने वाले हैं. अपनी एक्टिंग दिखाने से पहले राशा ने अपना सिंगिंग टैलेंट फैंस को दिखाया है. जिसके बाद हर कोई उनका दीवाना हो गया है. राशा ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है जिसमें वह गाना गाती नजर आ रही हैं. वर्ल्ड म्यूजिक डे के मौके पर राशा ने अपने एक स्टेज परफॉर्मेंस का वीडियो शेयर किया है. जिसमें वह वैलेरी गाना बहुत ही सॉफ्ट आवाज में गाती नजर आ रही हैं. वीडियो में राशा ब्लैक कलर की शॉर्ट ऑफ शोल्डर ड्रेस में नजर आ रही हैं. इसे उन्होंने मैचिंग बूट्स के साथ कैरी किया है.

राशा के वीडियो पर फैंस ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा-आपकी आवाज बहुत प्यारी है. वहीं दूसरे फैन ने लिखा-आपक आवाज और चेहरा मुझे पॉजिटिविटी देता है. एक फैन ने करण जौहर की फिल्म के बारे में राशा से पूछ लिया. उन्होंने लिखा- केजो की पिक्चर कब साइन कर रहे हो.

# पूरे करियर में सिर्फ 2 फिल्म, आदिपुरुष में बोल्ड सीन देकर हुईं ट्रोल

**प्रभास,** कृति सेनन स्टारर आदिपुरुष के मेकर्स की मुश्किल है कि कम होने का नाम ही नहीं ले रही. फिल्म के मेकर्स से लेकर कई किरदारों तक की भयंकर ट्रोलिंग हो रही है. इनमें से एक किरदार विभीषण की पत्नी सरमा के किरदार में दिखाई दीं अभिनेत्री भी शामिल हैं. फिल्म में ये किरदार मराठी सिनेमा की फेमस अभिनेत्री तृप्ति तोरडमल ने निभाया है, जिन्हें आयशा मधुकर के नाम से भी जाना जाता है. विभीषण की पत्नी का किरदार निभा रही तृप्ति ने आदिपुरुष में लो कट ब्लाउज पहनकर हर तरफ हाहाकार मचा दिया है.

आदिपुरुष में तृप्ति तोरडमल के बोल्ड लुक पर बवाल मचा हुआ है. कई यूजर्स ने अभिनेत्री के लुक पर सवाल खड़े किए और खूब ट्रोल भी किया. अभिनेत्री का कहना है कि वह आदिपुरुष में माया के रोल में हैं. लेकिन, क्या आप आदिपुरुष की इस अभिनेत्री के बारे में जानते हैं. अगर नहीं तो चलिए आपको तृप्ति उर्फ आयशा मधुरकर से जुड़ी कुछ खास बातें बताते हैं. प्रभास और कृति सेनन स्टारर आदिपुरुष की सरमा उर्फ माया यानी तृप्ति तोरडमल मराठी सिनेमा की टॉप एक्ट्रेस है. यही नहीं, उनके पिता मधुकर तोरडमल भी मराठी सिनेमा का जाना-माना नाम हैं. तृप्ति का जन्म 22 नवंबर 2022 को मुंबई में हुआ था. हालांकि, अभिनेत्री अब तक सिर्फ दो ही फिल्मों में दिखाई दी हैं. लेकिन, कम ही समय में उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली है. उन्हें इंडस्ट्री में



फिल्म सविता दारोमदार पंराजपे ने दिलाई है, जिसे करके वह रातों-रात हिट हो गईं. तृप्ति की ये फिल्म 2018 में आई थी. इसके बाद तृप्ति 2019 में रिली हुई फत्तेशिकस्त में दिखाई दीं. तृप्ति सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com